पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर (राज)
वेबसाईट: www.shekhauni.ac.in ई-मेल:registrar shekhauni@gmail.com

क्रमांक:- 10349 दिनांक: 26/09/25

## स्नातक पूरक परीक्षा 2025 के लिए ऑनलाइन आवेदन-पत्र भरवाने सम्बन्धी दिशा-निर्देश

समस्त स्नातक (अन्तिम वर्ष) पूरक परीक्षा -2025 के लिए योग्य घोषित सभी परीक्षार्थियों को सूचित किया जाता है कि पूरक परीक्षा के ऑनलाइन परीक्षा आवेदन-पत्र भरने हेतु निर्धारित परीक्षा शुल्क दिनांक 27.09.2025 (शनिवार) से दिनांक 03.10.2025 (शुक्रवार) तक वेबसाईट www.shekhauni.ac.in पर भर सकते है।

ऐसे स्वयंपाठी परीक्षार्थी जो प्रायोगिक प्रशिक्षण प्रमाण -पत्र के अभाव में मुख्य परीक्षा में अनुपस्थित होने के कारण पूरक परीक्षा हेतु अयोग्य घोषित हुए है। वे संबंधित प्रायोगिक विषय की पूरक परीक्षा में सम्मिलित नहीं हो सकेगें। अतः ऐसे परीक्षार्थी परीक्षा शुल्क जमा नहीं करवायें। इस हेतु वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।

प्रायोगिक विषयों की पूरक परीक्षा सैद्धान्तिक परीक्षाओं के समापन के तुरन्त बाद निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित होगी. प्रायोगिक परीक्षा की निश्चित तिथि के लिए परीक्षार्थी संबंधित परीक्षा केन्द्र (महाविद्यालय) से सम्पर्क करें।

### 1. ऑनलाइन परीक्षा शुल्क एवं आवेदन-पत्र

(अ) सर्वप्रथम छात्र वेबसाईट www.shekhauni.ac.in पर संबंधित कक्षा की श्रेणी (यथा नियमित/स्वयंपाठी/पूर्व छात्र) का चयन कर मुख्य परीक्षा-2025 के अनुक्रमांक से प्रदर्शित परीक्षा फार्म की जाँच करलें, यदि आपका विवरण सही है तो ऑनलाईन आवेदन प्रक्रिया में पेमेन्ट गेटवे/ ऑनलाईन ई-मित्र के माध्यम से परीक्षा शुल्क जमा करवायें।परीक्षा शुल्क के भुगतान मे समस्या होने पर हेल्पलाइन नम्बर पर सर्म्पक करें या विश्वविद्यालय में उपस्थित होकर समस्या का समाधान करवायें। विश्वविद्यालय में एक बार परीक्षा शुल्क जमा करवाने के पश्चात शुल्क वापस (Refund) नहीं होगा। परीक्षा शुल्क जमा होने के पश्चात् परीक्षा फार्म का प्रिन्ट अपने रिकार्ड के लिए रख लेवें।

(ब) परीक्षा फार्म की हार्ड कॉपी विश्वविद्यालय/महाविद्यालय में जमा नहीं करवानी है।

2. पूरक परीक्षा 2025 के लिए विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित परीक्षा शुल्क निम्मानुसार है:-

**FEE PAYABLE FOR SUPPLEMENTARY EXAM. 2025:-**

| S.NO. | Name of Exam | Regular | Ex-Student | Non-Collegiate |
|---|---|---|---|---|
| 1. | B.A/B.Sc/B.Com/BCA/BBA | 1920/- | 2220/- | 4100/- |
| 2. | B.A/B.Sc/B.Com/BCA/BBA (With due paper of part-I) | 2400/- | 2790/- | 5260/- |
| 3. | B.A/B.Sc/B.Com/BCA/BBA (With due paper of part-II) | 2450/- | 2880/- | 5400/- |
| 4. | B.A/B.Sc/B.Com/BCA/BBA (With due paper of part-I&II) | 2880/- | 3320/- | 6430/- |
| 5. | Fees for Physically Handicapped Students (for above all categories). | 390/- | 460/- | 1900/- |
| 6. | In addition to above Exam. Fee Rs. 150/- per Practical Examination be charged from the Regular Student, Ex-student & Non-Collegiate Students excluding the Elementary Computer application. | | | |

नोटः-(1) परीक्षा फार्म संबंधी सूचनाओं के लिए विश्वविद्यालय वेबसाईट ही मान्य है।

(2) परीक्षा फार्म भरने संबंधी समस्याओं के समाधन हेतु हेल्प लाईन नं. 7398532208, 8960032208 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

परीक्षा नियंत्रक
पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावटी विश्वविद्यालय,सीकर

PDF Scanner ACE Scanner

पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर (राज)
वेबसाईट: www.shekhauni.ac.in ई–मेल:registrar shekhauni@gmail.com

क्रमांकः– 10350 दिनांकः 26/09/2025

## पूरक परीक्षा–2025 हेतु आवश्यक सूचना

समस्त स्नातक (अन्तिम वर्ष) पूरक परीक्षा–2025 के लिए योग्य घोषित परीक्षार्थियों को सूचित किया जाता है कि पूरक परीक्षा के ऑनलाइन परीक्षा आवेदन–पत्र भरने हेतु दिनांक 27/09/2025(शनिवार) से दिनांक 03/10/2025(शुक्रवार) तक पोर्टल खुला रहेगा। जिन छात्रों ने पुनर्मूल्यांकन का आवेदन कर रखा है तथा परीक्षा परिणाम अभी तक घोषित नहीं हुआ है। ऐसे छात्र अपनी पूर्व की सभी अंकतालिकाओं के साथ विश्वविद्यालय में उपस्थित होकर समय रहते अपने परीक्षा परिणाम को जारी करवाना सुनिश्चित करें। पूरक परीक्षा समय सारणी शीघ्र ही प्रकाशित किया जा रहा है।

परीक्षा नियंत्रक

पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावटी विश्वविद्यालय,सीकर

PDF Scanner ACE Scanner